डॉ. शेखर चिं. मांडे
एफएनए, एफएएससी, एफएनएएससी
सचिव
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग तथा
महानिदेशक
Dr. Shekhar C. Mande
FNA, FASc, FNASc
Secretary
Department of Scientific & Industrial Research and
Director General

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
Government of India
Ministry of Science and Technology
Council of Scientific & Industrial Research
Department of Scientific & Industrial Research

पत्र सं 20-10(2)/2001-राभा
दिनांक: 22.09.2021

कृपया पढ़े। मुझसे चर्चा कर उचित कार्यवाही करें।

IMD 373 04/10/2021

सेवा में,

सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निदेशक/प्रधान

महोदय/महोदया,

संयुक्त सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से प्राप्त दिनांक 03.09.2021 के अर्द्धशासकीय पत्र सं. ई-11017/झ/1/2021-हिंदी (प्रति संलग्न) के अनुसार भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति जी के विशेष आग्रह पर माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जी ने भारत संघ की राजभाषा तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के विकास, संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में एक समयबद्ध 7 सूत्री चार्टर का अनुमोदन किया है। इस चार्टर को **भारत की आजादी के अमृत महोत्सव** के अंग के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा। **माननीय मंत्री जी ने अपने नेतृत्व वाले सभी मंत्रालयों/विभागों में इस चार्टर को लागू किए जाने का भी निदेश दिया है।**

साथ ही इस पत्र के साथ संलग्न 7 सूत्री चार्टर में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नांकित दो मदों **आगामी विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय सम्मेलन** तथा राजभाषा के क्षेत्र में अर्जित असाधारण उपलब्धियों की एक प्रदर्शनी लगाने एवं **21 फरवरी, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का भव्य आयोजन** करने के लिए सभी वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा मिलकर तत्काल कार्रवाई करने के निदेश दिए हैं।

अनुरोध है कि उक्त दोनों समारोहों के आयोजन एवं उक्त पत्र के साथ संलग्न 7 सूत्री चार्टर के आलोक में उचित कार्रवाई करें ताकि तदनुसार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जा सके। साथ ही प्रयोगशाला/संस्थान की राजभाषा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां सीएसआईआर मुख्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि उनको आगामी विश्व हिंदी दिवस अर्थात 10 जनवरी, 2022 को सभी वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा मिलकर आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जा सके।

भवदीय

(शेखर चि. मांडे)

प्रतिलिपि :

1. प्रमुख, सेंट्रल प्लानिंग डायरेक्टरेट, सीएसआईआर मुख्यालय
2. प्रमुख, साइंस कम्यूनिकेशन एंड डिसेमिनेशन डायरेक्टरेट, सीएसआईआर मुख्यालय

जारी...2

Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001
Tel. : 23710472, 23717053, Fax : (91-11) 23710618, E-mail : secy-dsir@gov.in; dgcsir@csir.res.in and dg@csir.res.in, Website : www.csir.res.in